Downloaded from: justpaste.it/mayankagarwal

IND vs NZ: मयंक अग्रवाल के साथ ये खिलाड़ी करेगा पारी की शुरूआत!

21 फरवरी से भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज शुरू हो रही है। टी 20 सीरीज को भारत ने तो वहीं वनडे पर न्यूजीलैंड ने कब्जा किया।

21 फरवरी से भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज शुरू हो रही है। टी 20 सीरीज को भारत ने तो वहीं वनडे पर न्यूजीलैंड ने कब्जा किया। वनडे में रोहित शर्मा चोट के चलते वनडे सीरीज में नहीं खेल सके। जिस वजह से पृथ्वी शॉ को सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम में शामिल किया गया। लेकिन पृथ्वी कुछ खास कमाल नहीं कर सके। जिस वजह से इस बात पर चर्चा शुरू हो गई कि उनकी जगह शुभमन गिल को पारी की शुरूआत करने के लिए मैदान में उतारा जाएगा।
[तो क्या T20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे कप्तान Virat kohli?]
न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मैदान में उतरने से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने अपनी रणनीति के बारे में बताया। उन्होंने इस बारे में भी बताया कि मयंक अग्रवाल के साथ पारी की शुरूआत कौन करेंगा। विराट कोहली ने संकेत दिए हैं कि पारी की शुरूआत पृथ्वी शॉ ही करेंगे। हालांकि वनडे में पृथ्वी शॉ कुछ खास कमाल नहीं कर पाए थे। जिससे ये कयास लगाए जाने लगे थे कि टेस्ट में शुभमन गिल को सलामी बल्लेबाज के तौर पर मैदान में उतारा जाएगा। लेकिन विराट कोहली का कहना है कि हम चाहेत हैं पृथ्वी शॉ अपना नेचुरल गेम खेले।
[MS Dhoni को भीड़ ने घेरा, तो Sapna बनीं Body Guard,...]
कोहली ने पृथ्वी शॉ की तारीफ करते हुए कहा कि पृथ्वी प्रतिभावान खिलाड़ी हैं, वो अच्छा खेलते हैं और उनके पास अपना कुद का गेम है। हम उसी चीज को फॉलो करना चाहते हैं। विराट कोहली ने आगे कहा कि मैं सोचता हूं जिस तरह

से मयंक अग्रवाल ने ऑस्ट्रेलिया में जिस तरह का प्रदर्शन किया था, उम्मीद है वैसा ही प्रदर्शन पृथ्वी शॉ न्यूजीलैंड के खिलाफ करेंगे।